प्रधानमंत्री ने किया गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

18 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर में गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना की आधारशिला रखी। गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के मेरठ से प्रयागराज तक 12 ज़िलों से होकर गुज़रेगा तथा यह उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे होगा।

प्रमुख बिंदु

- 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज को जोड़ेगा। यह उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र को पश्चिमी क्षेत्र से जोड़ेगा। यह मेरठ ज़िले के बिजौली गाँव के पास **(NH-334)** से शुरू होकर प्रयागराज ज़िले के जुदापर डांडू गाँव **(NH-19)** के पास खत्म होगा।
- इसके बनने के बाद दिल्ली से प्रयागराज के बीच यात्रा में लगने वाला 10-11 घंटे का समय कम होकर 6-7 घंटे रह जाएगा।
- गंगा एक्सप्रेस-वे को भविष्य में 8 लेन का किये जाने और ग्रेटर नोएडा से बलिया तक 1047 किमी. लंबा किये जाने की योजना है।
- गंगा एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को पीछे छोड़कर उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बन जाएगा। वर्तमान में देश और उत्तर प्रदेश का सबसे लंबा ऑपरेशनल एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे (341 किलोमीटर) है जिसका नवंबर 2021 में उद्घाटन हुआ था।
- गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के 12 ज़िलों- मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूँ, शाहजहाँपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज से होकर गुज़रेगा तथा इन 12 ज़िलों के 500 से अधिक गाँवों को भी जोड़ेगा।
- गंगा एक्सप्रेस-वे की अनुमानित लागत 36,230 करोड़ रुपए है, जिसमें जमीन अधिग्रहण पर करीब 9500 करोड़ रुपए का खर्च भी शामिल है। इसका निर्माण अडानी इंटरप्राइजेज और **IRB** इंफ्रास्ट्रक्टर डेवलपर्स करेंगे।
- इस एक्सप्रेस-वे में सात ओवरब्रिज, 17 इंटरचेंज रोड, 14 बड़े पुल, 126 छोटे पुल, 28 फ्लाईओवर, 50 वाहन अंडरपास और 946 पुलिया होंगी।
- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की तरह ही गंगा एक्सप्रेस-वे में भी आपातकालीन स्थिति में एयरफोर्स के विमानों की लैंडिंग के लिये शाहजहाँपुर के पास एक 3.5 किलोमीटर लंबी एयर स्ट्रिप का निर्माण किया जाएगा। गंगा एक्सप्रेस-वे पर एयरफोर्स के फाइटर प्लेन की आपात्कालीन लैंडिंग के लिये एयर स्ट्रिप के साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा, जिसके चार एक्सप्रेस-वे पर ऐसी सुविधा उपलब्ध होगी।
- गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में पहले ही यमुना एक्सप्रेस-वे पर मथुरा के पास एक एयर स्ट्रिप मौजूद है। इसके अलावा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बाँगरमऊ के पास भी एयर स्ट्रिप का निर्माण किया गया है। हाल ही में शुरू हुए 341 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में भी एयरफोर्स के विमानों की आपात् लैंडिंग के लिये सुल्तानपुर के पास 3 किलोमीटर से अधिक लंबी एयर स्ट्रिप भी बनाई गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-lays-foundation-stone-of-ganga-expressway